हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 18 जून 2025

तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

11 करोड़ों का सेतु निर्माण भगवान भरोसे



12 रेत उत्खनन में लगे तीन पोकलेन एक जेसीबी व तीन हाइवा जब्त






## रूबीस एजुकेशन का NEET-JEE में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

वर्ष 2025 की बोर्ड परीक्षाओं में संस्था की अयाती बिजुरिया ने XII-CBSE में 98.2% प्राप्त कर संपूर्ण छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान प्राप्त किया, सिमोन बगारिया ने XII में 96.8% तथा NEET 2025 में 602 अंक प्राप्त कर छत्तीसगढ़ में तीसरा तथा ऑल इंडिया रैंक 1239 प्राप्त किया। JEE में सफल हुए विशाल, पुष्पांजली और 11 अन्य के साथ साथ, नीट 2025 में नमन, भूमि साहू, मीनाक्षी ध्रुव, आस्था, वीणा साहू सहित 27 विद्यार्थी चयनित हो चुके है। सलीम सर के फिजिक्स अध्यापन से



सैंकडो विद्यार्थी लाभन्वित हो चुके है। अब हमारी टीम में डॉ. रवि देशमुख (बॉयोलॉजी) तथा रोहित निरंजन (केमिस्ट्री) भी अध्यापन करा रहे है।

छत्तीसगढ़ की सर्वश्रेष्ठ अध्यापन टीम।

ड्रॉपर बैचस हिन्दी व अंग्रेजी मीडियम में प्रवेश प्रारंभ है।

Shop-254, Sector-10, Zonal Mkt, Sec-10, Bhilai, C.G
Mob. : 9425566777, 9039800929
Advt.


## खबर संक्षेप

### एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य थीम पर मनेगा योग दिवस



**धमतरी।** ग्यारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस की थीम एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य योग को पर्यावरण संरक्षण से जोड़ते हुए जनसामान्य के दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना है। इस बार योग दिवस का जिलास्तरीय कार्यक्रम धमतरी शहर में आयोजित किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के विकासखंड, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यकमों में शामिल होने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। 20 जून तक पंजीयन होगा।

### निषाद समाज की बैठक 20 को

**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज जिला धमतरी के सानिध्य में संचालक मंडल के पदाधिकारीगण व 14 पाली निषाद समाज परिक्षेत्र नारी पाली अंतर्गत ग्राम नहरडीह में सामाजिक समरसता के लिए बैठक 20 जून शुक्रवार को दोपहर 12 बजे रखी गई है। यह जानकारी जिला महासचिव नारायणलाल निषाद, कोषाध्यक्ष शंभू निषाद, मीडिया प्रभारी पवन निषाद ने दी है।

### नगर सैनिक भर्ती की लिखित परीक्षा 22 को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा नगर सेना अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवाएं तथा एसडीआरएफ रायपुर के तहत महिला एवं पुरूष नगर सैनिकों की लिखित भर्ती परीक्षा 22 जून को आयोजित की जाएगी। इसके लिए अभ्यर्थी व्यापम की वेबसाईट व्यापम डाट सीजीस्टेट डाट जीओवी डाट इन पर उपलब्ध लिंक पर क्लिक कर प्रोफाईल लॉगिन पेज से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। इसके अलावा अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर मिले एसएमएस के यूआरएल को क्लिक करके भी सीधे प्रवेश पत्र प्राप्त कर सकते हैं। छग व्यावसायिक परीक्षा मण्डल रायपुर के संयुक्त नियंत्रक ने कहा कि अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र पूरी तरह से डाउनलोड कर उसका प्रिंट आउट लेकर परीक्षा केन्द्र में जाना होगा। प्रवेश पत्र डाकघर के माध्यम से परीक्षार्थियों को नहीं भेजा जाएगा।

### अग्निवीर भर्ती : 30 जून से 10 जुलाई तक ऑनलाइन परीक्षा

**धमतरी।** भारतीय सेना द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम (सीईई) की तिथियां घोषित कर दी गई हैं। ज्वाइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर पंजीकरण करने वाले उम्मीदवारों के लिए यह परीक्षा 30 जून से 4 जुलाई एवं 7 जुलाई से 10 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। छत्तीसगढ़ के 5 परीक्षा केंद्रों बिलासपुर, रायपुर, भिलाई (दुर्ग), दुर्ग और जगदलपुर में प्रतिदिन तीन-चार शिफ्टों में यह ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाएगी। अग्निवीर क्लर्क, एसकेटी पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का टाइपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केंद्र पर ही लिया जाएगा। प्रवेश पत्र 16 जून से उपलब्ध होगा।

### पौने तीन लाख टन से ज्यादा चावल राइस मिलर्स के पास

# गोदामों में जगह नहीं, राइस मिलर्स जमा कर नहीं पाए चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

एफसीआई और नान के गोदामों में जगह नहीं होने के कारण अब तक राइस मिलर्स अपने कोटे का चावल जमा नहीं कर पाए हैं। अभी भी पौने तीन लाख टन से ज्यादा धान जमा करना शेष है। उधर धान का रेट कम होने के कारण मिलर्स चावल जमा करने के लिए शीघ्रता कर रहे हैं, लेकिन गोदामों में जगह नहीं होने के कारण उनका चावल नहीं लिया जा रहा है।

धान खरीदी समाप्त हुए पांच माह हो गए हैं। खरीदी के बाद उठाव भी शीघ्रता से कर लिया गया था, लेकिन धान उठाव के एवज में राइस मिलर्स चावल जमा नहीं कर पाए हैं। धान खरीदी समाप्त होने से पहले ही एफसीआई और नान के गोदाम भर गए थे। इसके बाद से चावल का रैक ही नहीं लग रहा था। महीने में एक दो रैक ही लगते थे, जिसके चलते चावल गोदाम खाली नहीं हो पा रहे हैं। अब जाकर रैक लगना शुरू हुआ है। जून माह में अब तक 6 रैक लग चुके हैं जिससे गोदाम खाली हो रहे हैं। अब राइस मिलर्स भी चावल जमा करने हड़बड़ी कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार राइस मिलर्स 2 लाख 88 हजार टन चावल जमा नहीं कर पाए हैं। इससे ज्यादातर चावल एफसीआई के गोदामों में जमा होगा।




#### फायदे में रहे मिलर्स

राइस मिलर्स ने एग्रीमेंट के हिसाब से अपने कोटे का चावल तो काफी पहले ही उठा लिया है। चावल जमा नहीं होने की स्थिति में उन्हें इस धान को फ्री सेल में खपा दिया है। अब धान खरीदकर कस्टम मिलिंग के चावल की भरपाई करेंगे। उल्लेखनीय है कि जब उन्होंने फ्री सेल में चावल खपाया, तब धान का रेट अच्छा था। अब धान का रेट काफी कम हो गया है। ऐसे में सस्ते में धान खरीदकर मिलर्स कस्टम मिलिंग के चावल की भरपाई करेंगे।

#### खूब बिका धान, रेट हुआ कम

संग्रहण केंद्रों में स्टोर धान को शासन व्यापारियों को बेच रहा है। जानकारी के अनुसार जिले के संग्रहण केंद्रों में 2021 स्टेक धान रखा गया था। इसमें से 1156 स्टेक धान बिक चुका है। उल्लेखनीय है कि एक स्टेक में 1200 क्विंटल धान रखा जाता है। इतनी बड़ी मात्रा में धान की बिकवाली होने से खुले मार्केट में धान का मूल्य गिर गया है। जानकारी के अनुसार मोटा धान पुराने बारदाने में 1900 रुपए प्रति क्विंटल, नया बारदाना में 1950 रुपए क्विंटल के हिसाब से बेचा जा रहा है। वहीं पतला धान पुराने बारदाने में 2050 रुपए और नए बारदाने में 2100 रुपए क्विंटल में बेचा रहा है। सूखा और अच्छी क्वालिटी का धान कम दाम में मिलने से बाजार में धान का रेट कम हो गया है।

## मानसून की दस्तक पर बारिश नदारद



**धमतरी।** मानसून की दस्तक के बाद भी जिले से वर्षा नदारद है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार आगामी 4 दिनों तक भारी वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार 4 दिनों तक उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर भारी से अतिभारी वर्षा होने, मध्यम-तीव्र वज्रपात होने तथा बादल छाये रहने की संभावना है। दक्षिण पश्चिम मानसून छग के कुछ और भागों में आगे बढ़ गया है। मानसून की उत्तरी सीमा इंदौर, पंचमढ़ी, मंडला, अंबिकापुर, हजारीबाग से होकर गुजर रही है। दक्षिण-पश्चिम बंग्लादेश और इससे सटे पश्चिम बंगाल के गंगा मैदान पर निम्न दबाव का क्षेत्र बना हुआ है। गुजरात क्षेत्र से झारखंड, मध्यप्रदेश और उत्तरी छग होते हुए समुद्र तल से 0.9 किमी उपर चक्रवाती परिसंचरण का गर्त बना हुआ है। इसके प्रभाव से प्रदेश के अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। वहीं प्रदेश के एक दो स्थानों पर भारी से अतिभारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई है।

■ आगामी चार दिनों में भारी वर्षा की संभावना

## महुआ शराब के कारोबार से रानीगांव का माहौल खराब



■ पुलिस पर मिलीभगत का आरोप, कलेक्टर-एसपी से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

नगरी विकासखंड के ग्राम रानीगांव में महुआ शराब के बढ़ते कारोबार से ग्रामीणों में आक्रोश है। मंगलवार को महिला स्वसहायता समूह, ग्राम विकास समिति, ग्रामीण महिलाओं ने कलेक्टोरेट पहुंचकर अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कलेक्टर तथा एसपी से की है। नारी एकता ग्राम संगठन, प्रयास ग्राम संगठन ग्राम विकास समिति तथा ग्रामीण महिलाओं ने शिकायत ज्ञापन सौंपकर कहा है कि रानीगांव में महुआ शराब का निर्माण, विक्रय तथा सेवन में अप्रत्याशित वृद्धि हो गई है। 10-12 साल के बच्चे भी शराब के आदी होते जा रहे हैं। सिहावा थाना पुलिस गांव में आकर कभी- कभी शराब बनाने वालों को पकड़ती है फिर उन्हें पैसा लेकर छोड़ देती है। इससे शराब के अवैध कारोबार करने वालों की संख्या बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जिला एवं पुलिस प्रशासन से शराब बनाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रयास ग्राम संगठन की अध्यक्ष गायत्री, सचिव सुखिया, नारी एकता ग्राम संगठन की अध्यक्ष गीताजंलि साहू, सचिव गुंजा साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष गिरधारी साहू, ग्राम पटेल ईश्वरलाल पांडे, ताराबाई, लीलाबाई, सावित्री, नूरजहां, जमुना, सरिता, फूलमतबाई, चंद्रिका निषाद सहित अनेक महिलाएं उपस्थित थीं।

## रेत से भरे ट्रैक्टरों का कटा चालान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

बेखौफ धड़ल्ले से दौड़ रहे ट्रैक्टरों पर पुलिस ने कार्रवाई की। चालान काटने के साथ उन्होंने ड्राइवरों को गाड़ी मालिकों के सामने समझाइश दी। अगली बार बिना लाइसेंस, बिना कागजात और ओव्हर स्पीड पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

महानदी से रोजाना बड़ी संख्या में ट्रैक्टर रेत भरकर शहर में आते हैं। शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बड़ी संख्या में निर्माण कार्य चल रहे हैं। इसके चलते रेत की डिमांड ज्यादा है। इस डिमांड को पूरा करने के लिए ट्रैक्टर अंधाधुंध रफ्तार से दौड़ते हैं, जिसके चलते दुर्घटना का खतरा बना रहता है। स्थिति को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने ट्रैक्टरों की अंधी रफ्तार को रोकने की कवायद शुरू कर दी है। मंगलवार को नहर नाका चौक में ट्रैफिक पुलिस ने रेत से भरे ट्रैक्टरों को रोककर लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की। अधिकांश ट्रैक्टर ड्राइवरों के पास लाइसेंस नहीं मिले। उनका चालान काटा गया साथ ही चेतावनी भी दी गई कि आगे से वे लाइसेंस की कापी साथ में लेकर गाड़ी चलाएं। मौके पर ट्रैक्टर यूनियन संघ के पदाधिकारियों व गाड़ी मालिकों को भी बुलाया गया। उन्हें भी चेतावनी दी गई।

## 25 हजार रुपये की लूट करने वाला मुख्य आरोपी गिरफ्तार, दो अन्य की तलाश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

कुरूद थाना क्षेत्र में 25,000 रुपये की लूट की घटना को अंजाम देने वाले मुख्य आरोपी को कुरूद पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया है। जबकि दो अन्य आरोपी की तलाश जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार रामेश्वर सतनामी निवासी राखी सोमवार को अपने पुत्र कोमेश दास के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा कुरूद शाखा से 25,000 रुपये की नकद राशि निकालकर अपनी पैंट की जेब में रखकर पैदल सेलून की ओर जा रहा था। लगभग दोपहर 3 बजे के आसपास वह वृंदावन तालाब के पास पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पेशाब करने रुका। तभी तीन युवक यज्ञ उर्फ जीवा दीवान, बंठा और धर्मेन्द्र वहां पहुंचे और प्रार्थी को जबरन पकड़कर उसकी जेब से नकदी रकम लूट ली। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्थर उठाकर मारपीट की धमकी दी और मौके से फरार हो गए। प्रार्थी की सूचना पर थाना कुरूद में तत्काल अपराध धारा 309 (4), 3 (5) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कुरूद थाना पुलिस द्वारा तत्काल अलग-अलग टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी प्रारंभ की गई। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर मुख्य आरोपी यज्ञ कुमार दीवान उर्फ जीवा इंदिरा नगर कुरुद को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध में संलिप्तता स्वीकारते हुए बताया कि उसे लूट के बंटवारे में 8,000 प्राप्त हुए थे। आरोपी की निशानदेही पर उक्त राशि को जप्त किया गया व उसे न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

#### वृंदावन तालाब के पास की घटना



## सड़क हादसे में मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

काम करने के बाद मजदूर मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उसे ठोकर मार दी। हाइवे में गंभीर रूप से घायल युवक की अस्पताल में मौत हो गई है।




■ ग्राम कुकरेल की घटना

अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम बरबांधा निवासी कलेश्वर मंडावी पिता कंवलसिंह उम्र 20 वर्ष मजदूरी करता था। बीते 15 जून की सुबह युवक गांव के दिनेश कुंजाम के साथ मोटर साइकिल से काम करने ग्राम जंवरगांव गया था। वहां गांव के डोमेश्वर मरकाम व विरेंद्र भी काम करने गए थे। काम करने के बाद युवक व तीनों मोटरसाइकिल से वापस घर ग्राम बरबांधा लौट रहे थे। इसी दौरान नगरी मार्ग में ग्राम कुकरेल के पास विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात बाइक के चालक ने अपने वाहन को तेजगति व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। घटना में कलेश्वर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान घायल युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। घटना के बाद अज्ञात चालक बाइक सहित मौके से भाग गया।

## आज तहसील साहू संघ का वार्षिक अधिवेशन

**मगरलोड।** तहसील साहू संघ मगरलोड का वार्षिक अधिवेशन आज मधुबनधाम में आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धमतरी विधायक ओंकार साहू होंगे। जिला साहू संघ अध्यक्ष अवनेंद्र साहू अध्यक्षता करेंगे। विशिष्ट अतिथि जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, पूर्व विधायक लेखराम साहू, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष विपिन साहू होंगे। अन्य अतिथि दयाराम साहू, गौकरण साहू, मगरलोड जनपद अध्यक्ष विरेंद्र साहू, नपं अध्यक्ष लीलेश साहू, जनपद उपाध्यक्ष खिलेश साहू, केकती साहू, तोरण साहू, यशवंत साहू, लालाराम साहू, गोपाल साहू, राधेश्याम साहू, कामताप्रसाद साहू, रोहित साहू, कंवलराम साहू, लक्ष्मीकांता साहू, कुसुमलता साहू, रांकाडीह सरपंच भोजराम साहू होंगे। कार्यक्रम सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के सम्मान के बाद आय-व्यय की जानकारी दी जाएगी।




### मुखबिरी के शक में मारा चाकू, लीलर खदान की घटना

# रेत खदान में चला चाकू, युवक गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रशासन की टीम द्वारा रेत खदान में बड़ी कार्रवाई के तुरंत बाद रेत माफिया ने युवक पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को रायपुर रिफर कर दिया गया है।

रेत माफियाओं व उसके गुर्गों के बढ़ते आतंक के चलते महानदी की रेत अब खून से लाल होने लगी है। महानदी से अवैध रूप से रेत उत्खनन व अवैध भण्डारण की मिल रही शिकायत पर एसडीएम व खनिज विभाग की टीम ने सोमवार की रात्रि लीलर रेत खदान व ग्राम भरारी के रेत भण्डारण में अचानक दबिश दी। इस दौरान लीलर में रेत उत्खनन व अवैध भण्डारण पाया गया। इसी तरह भरारी में परमिशन से अधिक रकबे में रेत का भण्डारण होना पाया गया। प्रशासनिक टीम वाहनों को जब्त कर अवैध भण्डारण पर बड़ी कार्रवाई कर लौट गई। इस कार्रवाई से रेत माफियाओं में हड़कम्प मच गया। टीम के जाते ही भण्डारण कर रहे एक रेत कारोबारी व उसके लिए काम कर रहे गुर्गे बिट्टू ग्वालानी, कुलदीप पटवा व मजहर खान ने अपने ही जेसीबी आपरेटर ललित ध्रुव पिता चेतन उम्र 23 वर्ष ग्राम जंवरगांव थाना अर्जुनी निवासी पर मुखबिरी करने का संदेह कर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में ललित की पीठ, कंधा, हाथ, जांघ सहित लगभग पांच जगह गंभीर चोट लगी है। घायल को रात्रि में ही उपचार के लिए रत्नाबांधा रोड स्थित निजी अस्पताल लाया गया। जहां से रिफर करने के बाद घायल को जिला अस्पताल लाने के बाद उसे उपचार के लिए अन्य अस्पताल ले गए।




#### एक आरोपी थाने से भागा

घटना के बाद रात्रि में ही रेत कारोबारी अपने तीनों गुर्गे बिट्टू, कुलदीप व मजहर के साथ रिपोर्ट दर्ज कराने अर्जुनी थाना पहुंच गए। पुलिस ने चारों को पूछताछ के लिए थाने में ही रोक लिया। इसी बीच मंगलवार की सुबह 5 बजे के लगभग मास्टरमाइंड थाने से भाग गया। बाकी तीनों पुलिस की हिरासत में हैं। पुलिस ने उसकी तलाश में टीम रवाना कर दिया है। सूचना पर एएसपी तत्काल थाना पहुंचे और नाइट ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों की जमकर क्लास ली।

#### लापरवाही पर कार्रवाई होगी : एएसपी

इस संबंध में एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने मीडिया को बताया कि रविवार को एसडीएम के नेतृत्व में प्रशासन की टीम कार्रवाई के लिए रेत खदान गई थी। कार्रवाई के बाद पता चला कि एक आपरेटर के साथ चाकूबाजी की घटना हुई है। अर्जुनी थाना में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। प्रारंभिक तौर पर यह बात सामने आ रही है कि रेत खदान चलाने वाले एक कारोबारी व उसके साथियों द्वारा चाकूबाजी की गई है। वहीं रेत कारोबारी थाने से फरार हो गया। थाना प्रभारी व ड्यूटी अधिकारी को स्पष्टीकरण का नोटिस दिया गया है। जवाब आने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

### सोसाइटियों में डीएपी के बाद अब एनपीके की भी किल्लत

# किसान परेशान : जिस खाद की डिमांड ज्यादा, वही नहीं मिल रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

प्रदेश में मानसून के सक्रिय होने और दो-तीन दिन बारिश होने के बाद किसानों ने बुआई की तैयारी शुरू कर दी है। किसानों ने बुआई के बाद धान में खाद डालने के लिए सोसाइटियों के चक्कर लगाने शुरू कर दिए हैं, लेकिन सोसाइटियों में पर्याप्त मात्रा में खाद नहीं मिल रही है।

किसानों की माने तो जिस खाद की डिमांड ज्यादा है, वही खाद नहीं मिल रही है। किसान डीएपी की मांग कर रहे हैं, लेकिन एनपीके खाद थमाई जा रही है। कई सोसाइटियों में एनपीके यानी नाइट्रोजन, फॉस्फोरस और पोटेशियम खाद भी नहीं है। सोसाइटियों के अधिकारी डीएपी की कमी को स्वीकार रहे हैं। वहीं डायमोनियम फॉस्फेट खाद की जगह पर एनपीके (नाइट्रोजन, फॉस्फोरस, पोटेशियम) खाद देने की बात भी कह रहे हैं। सरकारी समितियों में एनपीके खाद भी उपलब्ध नहीं है। इस तरह की शिकायतें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक कुरुद एवं कोर्रा से संबद्ध सोसाइटियों से आई हैं।




#### समितियों में खाद की कमी से किसानों की बढ़ी चिंता

समितियों में डीएपी व एनपीके खाद भी उपलब्ध नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। दीपक साहू, अशोक साहू, नोहरलाल, चंद्रशेखर चंद्राकर, बसंत ध्रुव, कंवल ठाकुर, हिरामन ध्रुव, बंशीलाल सेन आदि किसानों का कहना है कि खेतों में डीएपी खाद की ज्यादा आवश्यकता पड़ती है। खाद नहीं मिली तो बहुत नुकसान हो जाएगा। वहीं अब समितियों में डीएपी व एनपीके दोनों ही खाद उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में अगर बाजार से एनपीके लेते हैं तो सरकारी रेट से 400-500 रुपए महंगी मिलेगी।

#### इस बार 1153 टन कम हुआ है डीएपी खाद का आवंटन

जि.स.के.बै.म.रा. के शाखा कुरुद अंतर्गत आने वाली कुरुद सोसाइटी में विगत वर्ष 100 टन डीएपी आवंटन हुआ था जबकि इस बार केवल 81 टन ही आवंटन हुआ है। वहीं कुहकुहा में 133 की जगह 128 टन, गाड़ाडीह में 130 की जगह 75 टन, मंदरौद में 78 की जगह 50 टन, भाठागांव में 100 की जगह 50 टन, बगौद में 108 की जगह 52 टन, चर्रा में 144 की जगह 66 टन, क्रातलबोड़ में 104 की जगह 51 टन एवं सिवनीकला में 106 की जगह मात्र 27 टन ही डीएपी खाद आवंटित है। इसी प्रकार कोर्रा बैंक के अधीनस्थ जुगदेही सोसाइटी में 230 की जगह मात्र 76 टन, गातापार में 280 की जगह 63 टन, रामपुर में 200 की जगह 52 टन, कुर्रा में 182 की जगह 83 टन व तरसींवा में 164 की जगह मात्र 64 टन ही डीएपी उपलब्ध हो पाई है।

#### खेती का रकबा पिछले साल के बराबर

जिला सहकारी केंद्र बैंक मर्यादित रायपुर के शाखा कुरुद के प्रबंधक टिकेन्द्र बैस ने बताया कि उनके अधीनस्थ सोसाइटी अंतर्गत 6409.30 हे सिंचित और 465.48 हे. असिंचित भूमि है। पिछली बार की तुलना में इस बार भी रकबा करीब-करीब है। जिसमें किसान धान की फसल लेते हैं। खरीफ फसलों के लिए समितियों में खाद-बीज का भंडारण किया गया है। पिछली बार की अपेक्षा में डीएपी 430 टन कम है जिसके विकल्प में एनपीके खाद किसानों को दी जा रही है। चूंकि डबल लॉट से अभी खाद नहीं मिली है इसलिए इसकी भी कमी बनी हुई। वहीं जि.स.के.बै.म.रा. शाखा कोर्रा के प्रबंधक महेंद्र सिंह गौर ने बताया कि उनके यहां भी इस बार 2206.94 हे. कुल रकबा में खरीफ की फसल किसान ले रहे हैं। डीएपी की कमी को देखते हुए उनके यहां एनपीके को विकल्प के रूप में किसानों को दे रहे हैं। आज कल में और खाद आ रही है। समितियों में आपूर्ति सुनिश्चित करने के प्रयास हो रहे हैं।

# कुल्हाड़ी स्कूल भवन जर्जर, होगी तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

शासकीय प्राथमिक शाला कुल्हाड़ी का भवन जर्जर हो गया है। ग्रामीणों द्वारा शासन से लगातार 8 वर्षों से मांग करने पर भी भवन का निर्माण नहीं किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप शाला संचालन के लिए सुव्यवस्थित जगह नहीं होने के कारण ताला बंदी का निर्णय लिया गया है। शाला प्रबंधन समिति भी शाला भवन की मांग पूरी नहीं होने पर नाराजगी जाहिर की है। सरपंच ने बताया कि प्राथमिक शाला भवन के लिए कई वर्षों से मांग करते आ रहे हैं। बच्चों के उज्वल भविष्य को देखते हुए ग्रामवासियों की मांग को शासन प्रशासन संज्ञान में लें।




### चटौद में हुआ मितानिनों एवं एमटी का सम्मान

# ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं में मितानिनों की अहम भूमिका : डॉ. नवरत्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय साहू के मार्गदर्शन में मितानिन सम्मान समारोह रखा गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चटौद सेक्टर मरौद अंतर्गत आने वाली सभी मितानिनों व एमटी को श्रीफल एवं मितानिन ड्रेस कोड के तहत साड़ी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यू एस. नवरत्न ने कहा कि मितानिनों का कार्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा दिलाने के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। उनके द्वारा बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी दी जाती है।

इस दौरान चंचल साहू सभापति जपं कुरुद, अनुराग साहू जनपद सदस्य खेमचंद साहू सरपंच, बिसेलाल साहू, राजेश साहू, डोमार साहू, मनोज साहू, गुलाबराम साहू, गैंदूराम ध्रुव, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न, बीपीएम रोहित पाण्डेय, विकासखंड नोडल अधिकारी (अंधत्व) डॉ.क्षितिज साहू, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी संजय साहू, ब्लॉक नेत्रदान अधिकारी लोमेश कुर्रे, विनीता देवांगन ग्रामीण चिकित्सा सहायक, माहेश्वरी बघेल ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक, फार्मासिस्ट योगिता जोशी, स्टॉफ नर्स ओमीन साहू, गीतांजलि कुर्रे, द्रोपदी साहू, डॉली एल्मा, नीलिमा शर्मा, एकाउंटेंट शीतल मसीह, ड्रेसर विजय गिलहरे, एमएलटी केवल चतुर्वेदी, मोहम्मद रफी, वार्ड आया लीनेश्वरी साहू, गीता साहू व सेक्टर मरौद के सभी सीएचओ, आरएचओ सेक्टर पर्यवेक्षक गजेंद्र रिगरी, एलएचवी तारा रात्रे सहित ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# भखारा कालेज के कई छात्रों ने सीएसआईआर एवं सीजी सेट परीक्षा उत्तीर्ण की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

महर्षि वेदव्यास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय भखारा निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता एवं विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास की ओर निरंतर प्रयासरत है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मंजु झा एवं पूर्व प्राचार्यों के सहयोगात्मक एवं दूरदर्शी दृष्टिकोण से प्रतिवर्ष छात्र-छात्राएं कम संसाधन के बावजूद प्रतियोगी एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में निरंतर सफलता प्राप्त कर रहे हैं।

प्राणीशास्त्र विभाग के तोषण कुमार पिता मदन लाल साहू ने सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ (ऑल इंडिया रैंक 146) एवं छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025, युवराज कुमार पिता राजाराम साहू ने सीएसआईआर यूजीसी नेट जेआरएफ (ऑल इंडिया रैंक 138) एवं छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025, धात्री चक्रधारी पिता संत राम ने सी एस आई आर यू जी सी नेट जेआरएफ 2024 तथा कुमारी प्रेरणा पिता रामकृष्ण तथा कुमारी तुलसी पिता श्यामचरण ने छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (सेट) 2025 उत्तीर्ण की। वनस्पति विभाग से प्रफुल्ल पिता उधोराम ने सी एस आई आर यू जी सी नेट जेआरएफ एवं छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025, भागीरथी पिता ने छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025 में सफलता पायी। गणित विभाग के 2020-22 बैच की कुमारी देहुति साहू पिता स्वर्गीय दिनकर सिंह साहू ने छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025 एवं 2021-23 बैच के खिलेंद्र कुमार पिता बुलाकी राम ने छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा 2025 उत्तीर्ण की। डॉ.अविनाश आर निचत विभागाध्यक्ष प्राणीशास्त्र ने बताया कि प्राचार्य के निर्देशन में महाविद्यालय के सभी विभाग विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रेरित करते हैं साथ ही आवश्यक पाठन सामाग्री एवं मार्गदर्शन देते हैं। परिणाम स्वरूप विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं में प्राणीशास्त्र में भार्गावी वर्मा पिता योगेश्वर सिंह वर्मा ने स्वर्ण पदक तथा भागीरथी पिता सहदेव साहू ने वनस्पति विज्ञान में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। साथ ही बीएससी तृतीय वर्ष के अविनाश पिता ओंकार साहू, डिकेंद्र कुमार 2024 बैच तथा 2025 बैच की साक्षी पिता नारायण दास का आई आई टी जैम में एवं तेजस्वनी साहू पिता पुरुषोत्तम साहू, वर्षा साहू पिता दीनदयाल, लोकेश पिता मानसिंह ने सीयूईटी में सफलता प्राप्त की।


देहुति साहू


खिलेंद्र कुमार

# नपं भखारा में राशन कार्ड का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

नगर पंचायत भखारा में राशनकार्ड धारियों को विशेष राशनकार्ड जारी किया गया है। अंत्योदय राशनकार्ड में हितग्राहियों को 10 किलो चावल निःशुल्क तथा 25 किलो चावल 1 रुपए प्रति किलो की दर से प्रतिमाह प्राप्त करने की पात्रता है। इस अवसर पर अध्यक्ष ज्योति हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षद अविनाश गौर, सुरेश गोस्वामी, चोवा ढीढी सहित अनेक हितग्राही उपस्थित थे।

महेश्वरी सुन्दरलाल, प्रिया निर्मलकर यशवंत कुमार, कविता साहू मनोज साहू, सुनीता हुमेश्वर मिश्रा, दीपांशु मिश्रा, सीमा ओमप्रकाश निर्मलकर, हेमीनबाई गुहाराम, कुमारीबाई जगेशर साहू, कचराबाई अर्जुनराम निषाद, खिलेश्वरी निषाद अर्जुनराम निषाद, जया साहू दीपक कुमार, होमेश्वरी साहू दीनदयाल साहू, रोहणी साहू उधोराम साहू, लुकेश्वरी टेमन साहू, राधा साहू, खिलावन साहू, शीतल उमेश कुमार, वंदना साहू अनिल कुमार, चन्द्रिका साहू दुकालूराम साहू, लक्ष्मीबाई सुदनराम साहू, वासनीबाई राजकुमार, झामिन दुर्गेश कुमार, पूर्णिमा संतोष कुमार, त्रिवेणी साहू पंकज साहू, भारती सूर्यवंशी चन्द्रशेखर, सुरेखा नंदकुमार, कमलीबाई योगेश्वर साहू, आसबती साहू दुकालूराम साहू को राशन कार्ड वितरित किया गया।



# जहर सेवन से अधेड़ की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

पेट दर्द से परेशान होकर अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवनकर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम दर्री निवासी रामकुमार साहू पिता बृजलाल उम्र 50 वर्ष किसानी का काम करता था। दो वर्ष से वह पेट दर्द से परेशान था, जिसका उपचार चल रहा था। बीते 11 जून की रात्रि अधेड़ ने पेट दर्द से परेशान होकर घर में रखी कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे उपचार के लिए मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान सोमवार की देर रात्रि अधेड़ की मौत हो गई।

# महानदी के संरक्षण के लिए रैली निकाली



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा द्वारा चलाए जा रहे मां अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यकर्ताओं ने महानदी के संरक्षण के लिए रैली निकाली। उन्होंने महानदी सिर्फ एक नदी नहीं, मां का स्वरूप है का नारा दिया। उन्होंने कहा कि महानदी की सेवा हम इस कदर करें जैसे हम अपनी जन्म देने वाली मां की करते हैं। उन्होंने जीवनदायिनी महानदी को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महिला बाल विकास पर्यवेक्षक पुष्पा मोहते, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनीशा अली, ईश्वरी वैष्णव, भारती कश्यप, अनूपा निषाद, स्वास्थ्य कार्यकर्ता सुनीति ध्रुव, केएल नेताम सहित ग्रामवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# मुंह मीठा कराकर विद्यार्थियों को दिलाया प्रवेश





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठौली में प्रवेश उत्सव मनाया गया। छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मिष्ठान खिलाकर एवं पुस्तक वितरण कर प्रवेश दिलाया। कार्यक्रम में मौजूद गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों को शिक्षा में निरंतरता बनाए रखने का आग्रह किया। आगे कहा कि मूल्य आधारित रोजगारपरक शिक्षा पर आगे बढ़ने की आवश्यकता है ताकि शिक्षा अध्ययन करने में उत्साह बना रहे।

मौके पर शाला विकास समिति अध्यक्ष नीलमणि निषाद, सागर साहू, किशुन पटेल प्रभारी एचएम, श्री वर्मा, श्री धीवर, केके, श्री जोशी, श्री मरकाम, श्री देव, टीसी, डी साहू मैडम, टी साहू मैडम, कनौजिया मैडम, उपसरपंच फ़गनी निषाद, पंच कुंती, संतोषी, लता, हुलसी साहू, डेमन साहू, डॉ नागेंद्र साहू एवं पालक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### शाला प्रवेशोत्सव पर छात्रों का मुंह मीठा कराया



**कोर्रा(भखारा)**। शाउमावि रांवा में शाला प्रवेशोत्सव पर छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया। गणवेश व पुस्तक का वितरण भी हुआ। इस अवसर पर एसएमडीसी के अध्यक्ष मानिकराम साहू, विधायक प्रतिनिधि लालचंद साहू, उपसरपंच पुनारद ढीमर, प्राचार्य केशकुमार सेन, अहेद अली, चांद, चुनेश साहू सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### हसदा में शाला प्रवेशोत्सव मनाया गया





**मगरलोड**। थानूराम बंसोर शाउमावि हसदा में शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती मीना डेमू साहू सभापति जिपं धमतरी थी। अध्यक्षता होरीलाल साहू पूर्व अध्यक्ष भाजपा मंडल मेघा ने की। विशिष्ट अतिथि राजेश साहू सभापति जपं मगरलोड, डॉ. दुर्गेश यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, डीएस नाग प्राचार्य, भूषण यादव उपसरपंच हसदा, कांशीराम साहू सरपंच प्रतिनिधि एवं ग्रामीण अध्यक्ष हसदा, रोहित साहू विधायक प्रतिनिधि, रामकुमार सेन सांसद प्रतिनिधि, लोमेश बैरागी सदस्य शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, मदनपाल अध्यक्ष बूथ, रेखा रविशंकर साहू पूर्व सरपंच, सुनीति मनहरण पटेल पूर्व जनपद सदस्य, ललिता कमलनारायण साहू प्रबंधन एवं शाला विकास समिति सदस्य, धनेश्वरी सीताराम साहू पंच, गोकुल यादव वरिष्ठ नागरिक, डोमार निषाद एवं सभी शिक्षकगण थे।

### कोर्रा स्कूल में प्रवेशोत्सव मनाया गया





**कोर्रा(भखारा)**। ग्राम कोर्रा के शाउमा स्कूल एवं माध्यमिक व प्राइमरी स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच यमुना कामड़े थी। उनके साथ विधायक प्रतिनिधि जगदीश्वर शर्मा, लीलाराम साहू, टुकेश्वर साहू थे। प्रवेशोत्सव के दौरान श्री शर्मा ने नवप्रवेशी विद्यार्थियों से आत्मीय संवाद किया और विद्यालय जीवन की नई शुरुआत के लिए उन्हें प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव केवल नामांकन का अवसर नहीं, बल्कि यह प्रत्येक बच्चे के उज्ज्वल भविष्य की पहली सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि हर बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचे, यह हम सभी की जिम्मेदारी है।

### पार्षद ने किया नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण



**भखारा**। नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 के पार्षद मेघनाथ साहू ने अपने वार्ड में चल रहे नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। वार्ड की नालियों की साफ-सफाई भी करवाई। श्री साहू ने अपने वार्ड के नागरिकों से वार्ड में गतिमान कार्य के संचालन के लिए सुझाव भी मांगे । उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी के पास जो जर्जर भवन है, उसे जल्द हटाया जाएगा। नई नाली निर्माण कार्य से वार्डवासियों में हर्ष है।




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### भारत स्काउट्स एवं गाइडस के मुख्य आयुक्त 20 को लेंगे बैठक

**जगदलपुर।** राज्य मुख्यालय भारत स्काउट्स एवं गाइडस के अनुसार राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव का आगमन 19 जून को होगा। वे 20 जून को ज्ञान गुड़ी में भारत स्काउट्स एवं गाइडस जिला संघ बस्तर के जिला मुख्य आयुक्त संजय पाण्डे, जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल, समस्त विकासखण्डों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों की उपस्थिति में समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में सहायक राज्य आयुक्त वाजिद खान भी राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। बैठक में वार्षिक कार्य योजना, विद्यालयों का डिजिटल रजिस्ट्रेशन, वारंट, चार्टर एवं लेखा सम्बन्धी विषयों पर समीक्षा करेंगे, साथ ही गत वर्ष के राज्यपाल पुरुस्कार प्राप्त स्काउट्स एवं गाइडस को प्रमाण पत्र देकर प्रोत्साहित करेंगे। जिला सचिव लिलेश देवांगन ने जिले के समस्त प्राचार्यों से अपील किया है की संस्था में कार्यरत स्काउट्स एवं गाइडस प्रभारियों को बैठक में उपस्थित कराएंगे। यह जानकारी जिला संगठन आयुक्त दशरु राम यादव ने दी है।

### कचरा संग्रहण के लिए निगम के बेड़े में 10 टिप्पर शामिल

**जगदलपुर।** डोर टू डोर कचरा संग्रहण के लिए आज नगर निगम को 10 मिनी टिप्पर प्राप्त हुए जिससे शहर के वार्डों में कचरा संग्रहण में आसानी होगी। इस अवसर पर महापौर संजय पाण्डे, निगम स्पीकर खेमसिंह देवांगन, एमआईसी सदस्य निर्मल पाणिग्रही, सुरेश गुप्ता, लक्ष्मण झा, योगेंद्र पाण्डेय, राणा घोष, श्वेता बघेल, कलावती कसेर, पार्षद नरसिंह राव, हरीश पारेख, रोशन सिसोदिया, गायत्री बघेल, गिरिजा गुप्ता, बसंती समरथ, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, राजपाल कसेर, रितेश सिन्हा, प्रशांत पानीग्राही, निगम आयुक्त प्रवीण कुमार वर्मा, ईई गोपाल भारद्वाज, प्रभारी स्वच्छता निरीक्षक हेमंत श्रीवास, विमल पाण्डे मौजूद रहे।

### स्ट्रीट लाइटें बंद, निगम के खिलाफ प्रदर्शन आज

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विद्युत सामग्री की कमी के कारण पिछले कई दिनों से स्ट्रीट लाइटें बंद पड़ी हैं। इस विषय को लेकर पूर्व में नगर निगम आयुक्त एवं महापौर को ज्ञापन सौंपा गया था, किंतु आज तक न तो कोई कार्रवाई की गई और न ही इस मूलभूत समस्या का समाधान हुआ। नगर निगम की इस उदासीनता एवं जनहित की उपेक्षा के विरोध में 16 जून को भगत सिंह और वीर सावरकर वार्ड में लालटेन, दीप व मोमबत्ती जलाकर प्रतीकात्मक रूप से वार्ड में भ्रमण किया गया। इस दौरान वार्डवासियों ने भी मांग का समर्थन किया। कल 18 जून को सायं 7 बजे प्रवीर वार्ड, विजय वार्ड क्षेत्र में कांग्रेस कार्यकताअरं एवं नागरिकों के द्वारा दीप एवं मोमबत्ती जलाकर विरोध किया जाएगा।

## निधन

### अनीता धीवर



**धमतरी।** शहर की मराठापारा निवासी अनीता धीवर (60) पिता स्व. द्वारू राम धीवर का मंगलवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा बुधवार को सुबह 9 बजे शांतिघाट के लिए निकलेगी। धीवर समाज धमतरी ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।

---

तकनीकी गुणवत्ता का पालन नहीं, ठेकेदार अकुशल मजदूरों से ले रहे काम

# करोड़ों का सेतु निर्माण भगवान भरोसे



**हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड**

मेघा महानदी सेतु में 21 सितंबर की मध्य रात्रि से आवागमन पूर्णतः बंद हो गया है। पुल का पिलर टूट गया है। मगरलोड क्षेत्र की जनता को हो रही परेशानी को संज्ञान में लेते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रभारीमंत्री टंकराम वर्मा, कुरूद विधायक अजय चंद्राकर के प्रयास से मेघा महानदी में नया सेतु निर्माण के लिए 46 करोड़ 97 लाख 67000 रूपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। नए सेतु निर्माण का 8 जनवरी 2025 को मुख्यमंत्री ने शिलान्यास किया। मेघा महानदी सेतु निर्माण कार्य भगवान भरोसे चल रहा है। सेतु निर्माण में तकनीकी गुणवत्ता का पालन नहीं किया जा रहा है। उच्च स्तरीय सेतु निर्माण अकुशल मजदूरों के भरोसे हो रही है। आमजनता की सुविधाओं पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उक्त मार्ग से प्रतिदिन हजारों लोगों का आना-जाना होता है। महासमुंद, गरियाबंद, नगरी, सिहावा, उड़ीसा, रायपुर, धमतरी, कुरूद जैसे बड़े शहरों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है। मगरलोड ब्लॉक के किसान, व्यापारी, स्कूल कॉलेज के छात्र छात्राएं, स्वास्थ्य संबंधी आवागमन एवं शासकीय कार्य के निष्पादन के लिए अधिकारी कर्मचारी इसी मार्ग पर पूर्णतः आश्रित है।

### पुल निर्माण में घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग



महानदी में करोड़ों रुपये की लागत से उच्च स्तरीय सेतु निर्माण का कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है। जिसमें घरेलू उपयोग में होने वाली गैस सिलेंडर का उपयोग कर गैस कटर एवं अन्य कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। घरेलू गैस सिलेंडर का खुलेआम दुरुपयोग कर निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा किया जा रहा है जो अवांछनीय एवं दंडनीय श्रेणी में आता है।

### पुल निर्माण की गुणवत्ता पर संदेह

उच्च स्तरीय सेतु निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है जिसमें सेतु निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर संदेह लाजिमी है। कार्यरत मजदूरों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 25 एमएम के लोहे की राड की जगह 16 एमएम लोहे की राड को अंदर लगाया जा रहा है और ऊपर में दिखाने के लिए 25 एमएम की राड लगाई जा रही है जो तकनीकी रूप से ब्रिज को कमजोर कर सकती है।

### हल्की बारिश से भी आवागमन पूर्ण बंद होने की संभावना

मेघा महानदी में ठेकेदार द्वारा कच्ची मिट्टी का एप्रोच मार्ग बनाया गया है। कच्चा मिट्टी मार्ग हल्की बारिश से कीचड़युक्त होकर टूट रहा है जिसे आवागमन पूर्णतः बंद होने की संभावना है। कच्चे मार्ग में न मुरमीकरण किया गया है न ही बड़ा पाइप लगाया गया है। मार्ग में पानी निकासी के लिए नाममात्र गिनती के दो छोटे पाइप लगा दिए गए हैं। लगभग 1500 मीटर लंबी मेघा महानदी में पानी निकासी हेतु पर्याप्त जगह में पाइप नहीं लगाया गया है। ठेकेदार द्वारा एप्रोच मार्ग निर्माण के नाम पर महज मिट्टी डालकर औपचारिकता निभाई गई है।

### एप्रोच मार्ग बरसात के पूर्व खत्म होने की कगार पर

मेघा महानदी में ठेकेदार द्वारा उच्च स्तरीय सेतु निर्माण का कार्य किया जा रहा है। सेतु निर्माण के पूर्व मगरलोड विकासखंड की जनता के आवागमन हेतु एप्रोच मार्ग का निर्माण आवश्यक है। महानदी में पुराना पुल के समीप से मिट्टी का कच्ची मार्ग बनाया गया है जो अभी से दर्जनों जगह-गहरे गड्ढे हो गए हैं। मिट्टी मार्ग में हल्की बारिश से भी राहगीर लगातार कीचड़ में फंसकर गिर रहे हैं और बारिश का मौसम ठीक से शुरू भी नहीं हुआ है।

### मजदूरों की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं

महानदी में बन रहे पुल में कार्य करने वाले महिला-पुरुष मजदूर की सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं है। मजदूरों को दुर्घटना से बचने के लिए हेलमट ग्लब्स, जूता जैसी आवश्यक सुरक्षा उपकरण सामग्री नहीं दी गई है। ठेकेदार मजदूरों की जीवन सुरक्षा को अनदेखी करते हुए काम करवा रहे हैं।

---

# मुकुंदपुर में बोर खनन के लिए हुआ भूमिपूजन



**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**

ग्राम मुकुंदपुर दुगलीपारा में बोर खनन के लिए भूमिपूजन किया गया। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें पानी संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। मौके पर सरपंच दुर्गा दर्रो, प्रतिनिधि भागीरथी दर्रो पंच, रामजी नेताम, पुजारी संदीप नेताम, उमेंद्र नेताम, रामेशवर नेताम समेत अन्य उपस्थित थे।

---

# अंग्रेजी माध्यम स्कूल के शिक्षकों के युक्तियुक्तकरण से ऐतराज

- विद्यालय प्रबंध समिति ने प्रशिक्षित शिक्षकों की स्थायी पदस्थापना की मांग की

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**

पिछली भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में सीबीएसई पैटर्न वाले शासकीय अंग्रेजी स्कूल (इग्नाइट) खोले थे। निचले तबके के अभिभावकों का इन स्कूलों में विश्वास बढ़ने के साथ ही अपने बच्चों के सीबीएसई बोर्ड से शिक्षा की एक अलग खुशी थी। आज शिक्षा विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता के चलते इन स्कूलों का अस्तित्व खतरे में है। मौजूदा मामला शासकीय माध्यमिक शाला दुर्गा चौक नगरी सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम का है जहां शिक्षकों के शालाओं में युक्तियुक्तकरण से विकट स्थिति निर्मित हो गई है। राज्य द्वारा संचालित इस स्कूल में अध्यापन हेतु शिक्षक यतींद्र गौर एवं नीतू गुप्ता को संलग्न किया गया। लगभग आठ वर्षों से इस अंग्रेजी माध्यम स्कूल की नींव मजबूत करने वाले शिक्षकों को संलग्नीकरण समाप्ति एवं युक्तियुक्तकरण के नाम पर प्रशासन द्वारा हटाने का फरमान जारी कर यहां हिंदी माध्यम की एक शिक्षिका का पदांकन कर दिया गया है।

विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष तरुणा ध्रुव ने कहा कि हर बार विभाग द्वारा संलग्नीकरण के नाम पर इस विशेष स्कूल के शिक्षकों को परेशान किया जाता है। आठ वर्ष से कार्यरत इन अनुभवी शिक्षकों का स्थाई रूप से पद स्थापना की मांग हम करते हैं। वार्ड पार्षद यशकरण पटेल ने कहा कि अंग्रेजी माध्यम स्कूलों को युक्तियुक्तकरण से मुक्त रखा जाना था. साथ ही यहां अध्यापनरत शिक्षकों का प्राथमिकता के तौर पर पदांकन कर देना चाहिए। इस आशय का पत्र विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों ने विधायक अंबिका मरकाम, विकासखंड शिक्षा शिक्षा अधिकारी के माध्यम से जिलाधीश एवं जिला शिक्षा अधिकारी धमतरी को प्रेषित किया है।

---

# नपं कुरुद को मिली 4.37 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति

- विधायक के प्रयास से विकास रथ को मिल रही है गति

**हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद**

मोदी की गारंटी में विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को निरंतर नगर पंचायत कुरूद में गति मिल रही है। केन्द्र और राज्य सरकार से विधायक अजय चन्द्राकर की अनुशंसा से 4.37 करोड़ की स्वीकृति मिली है। कुरूद में केन्द्र सरकार की योजना से 2.69 करोड़ की लागत से एसटीपी प्लांट एवं नये नगर पंचायत भवन के लिए नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव ने 1 करोड़ 68 लाख की स्वीकृति हुई है।





नपं अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने हर्ष जाहिर करते हुए बताया कि क्षेत्रीय विधायक श्री चंद्राकर के प्रयास से कुरूद नगर पंचायत में विकास कार्यों का सिलसिला निंरतर जारी है। नगरवासियों को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान परिषद द्वारा कुरूद में निरंतर विकास कार्य देखने को मिलेगा। कुरूद व्यवस्थित और सुंदर दिखेगा। नगर में सौंदर्यीकरण और रोड ट्रैफिक को ठीक किया जा रहा है। सर्वसुविधायुक्त नगर पंचायत कार्यालय भवन बनने जा रहा है। मुख्यमंत्री एवं विभागीय मंत्री ने 1 करोड़ 68 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की है। विधायक अजय चन्द्राकर एवं सांसद रूपकुमारी चौधरी के प्रयास से नगर के गंदे पानी को साफ़ कर पुनः गार्डन एवं कृषि कार्य के उपयोग हेतु एसटीपी प्लांट के लिये 2 करोड़ 69 लाख रुपये की स्वीकृति मिली है। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी, मुख्यमंत्री साय, उपमुख्यमंत्री साव, सांसद चौधरी एवं विधायक चन्द्राकर का कुरूद की जनता की ओर से आभार जताया है।

---

# आध्यात्मिक मार्ग पर चलने से ही जीवन सफल होगा : गिरजानंद



- कोटेश्वर धाम में हुई आध्यात्मिक सत्संग धर्मसभा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**

कोटेश्वर धाम कोटाभर्री में 15 जून रविवार को आध्यात्मिक सत्संग धर्मसभा का आयोजन किया गया। जिसमें दस शक्तिपीठ पीठाधीश गिरजानंद सिंह धाकड़ (आयुर्वेद रत्न, सर्पदंश विशेषज्ञ, लोक कवि, साहित्यकार, रंगकर्मी, डॉ भीमराव अंबेडकर अलंकरण से सम्मानित) ने अनुयायियों को सत धर्म, शत मार्ग, सत वचन की अमृतवाणी से भक्तों को आध्यात्मिक आशीष तथा मार्गदर्शन प्रदान किया। श्री धाकड़ ने कहा कि मनुष्य आध्यात्मिक मार्ग पर चलकर ही अपने जीवन को सफल बना सकता है। बस्तर रियासत के इस भूभाग में अपनी पहली धर्मसभा में उनके द्वारा संचालित दस शक्ति पीठों का विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया। धर्मसभा मंच का सफल संचालन कोमलराम जैन व्याख्याता ने किया।

कोटेश्वर धाम की पहली धर्मसभा को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने में एसपी श्री परिहार के दिशानिर्देशव अनुविभागीय अधिकारी श्री पाण्डेय के मार्गदर्शन में सुरक्षा व्यस्था के व्यापक बंदोबस्त किए गए थे। इस आयोजन में श्री भीमा कोटेश्वर धाम समिति अध्यक्ष अर्जुनसिंह मरकाम, ग्रामीण अध्यक्ष कंवरलाल मरकाम, सोहन मरकाम, वैध संघ प्रदेश अध्यक्ष दशरथ नेताम, डोमारसिंह ध्रुव, डेविड ठाकुर, पुसउ मरकाम, सोनराज नेताम, सुकालू निर्मलकर, दिनेश साहू, जोहरलाल चंद्रवंशी, जवाहर मरकाम, तीरथ नेताम सहित ग्रामवासियों का योगदान रहा।

---

# ट्राईफेड के एमडी ने तीन बच्चों को दिलाया शाला प्रवेश

**धमतरी।** एक दिवसीय प्रवास पर नगरी विकासखण्ड पहुंचे ट्राईफेड के प्रबंध संचालक और धरती आबा अभियान के छत्तीसगढ़ प्रभारी हृदयेश कुमार ने कमारपारा कौहाबाहरा प्राथमिक शाला में तीन छात्राओं को शाला प्रवेश कराया। पहली बार स्कूल में दाखिल हो रही यह तीनों छात्राएं प्राथमिक शाला के बगल में बने मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र की भी छात्र रही हैं। तीनों छात्राएं कुमारी प्रतिभा, आशिका और शिवन्या ने आंगनबाड़ी केन्द्र से निकलकर कक्षा पहली में दाखिला लिया है। श्री कुमार ने तीनों छात्राओं का तिलक लगाकर पहली बार स्कूल आने पर स्वागत किया।

इस दौरान उन्होंने छात्राओं से परिचय भी प्राप्त किया। प्रभारी अधिकारी ने तीनों बच्चों को गणवेश दिये और उनका मुंह भी मीठा कराया। श्री कुमार ने इन बच्चों को प्रतिदिन स्कूल आने और मन लगाकर पढ़ाई करने की समझाइश दी। इस अवसर पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती रोमा श्रीवास्तव, डीएफओ कृष्ण जाधव के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

---

# वार्ड क्रमांक 1 में बीटी रोड का निर्माण कार्य प्रारंभ

- अध्यक्ष छाबड़ा, उपाध्यक्ष बोहरा और पार्षद पवार की तिकड़ी ने वार्ड को विकास की पटरी पर लाया

**हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी**



नगर पंचायत नगरी में इन दिनों राजा, बलजीत और विकास की कार्यशैली की चर्चा है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत नगरी के अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा और उपाध्यक्ष विकास बोहरा हैं। इन दोनों के साथ सर्वाधिक चर्चित और मेहनती पार्षद राजा पवार अपने वार्ड की हर छोटी से छोटी समस्या का निराकरण करने में जुटे हुए हैं। लोगों का कहना है कि राजा का बल, विकास के लिए प्रतिबद्ध है। वार्ड क्रमांक 1 के पार्षद राजा पवार की कार्यशैली इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। हर घर हर द्वार पर उनकी पहुंच ने उन्हें सबसे सक्रिय पार्षद का दर्जा दिला दिया है। इसी कड़ी में इन दिनों वार्ड क्रमांक 1 में बहुप्रतीक्षित बीटी रोड का निर्माण प्रारम्भ हो चुका है। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा और पार्षद राजा पवार की तिकड़ी ने वार्ड क्रमांक 1 को विकास की पटरी पर ला दिया है। बीटी सड़क निर्माण इस कड़ी में एक महत्वपूर्ण आयाम है। वर्तमान में बीटी सड़क निर्माण से वार्डवासियों में ख़ुशी की लहर है। पार्षद राजा पवार ने कहा कि उन्होंने अपनी कुछ योजनाओं को सामने रख नगर पंचायत का चुनाव लड़ा था और आज उन योजनाओं को अमलीजामा पहनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष एवं नगर के समस्त पार्षदों के सहयोग व वार्डवासियों के स्नेह का परिणाम है कि आज पूरा वार्ड विकास की राह पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बीटी सड़क निर्माण से अब लोगों को आवागमन में कोई असुविधा नहीं होगी। वार्ड क्रमांक 1 के वार्डवासी अपने पार्षद के कार्यकलापों से काफी प्रसन्न नजर आ रहे हैं। वार्डवासियों का कहना है कि राजा उनके लिए बेटा भाई और साथी बनकर कार्य कर रहा है। किसी भी प्रकार की समस्या का त्वरित निवारण करना राजा की पहली प्राथमिकता हो गई है। आज पूरे वार्ड में हर समस्या का तुरन्त निराकरण हो रहा है। वार्डवासियों ने अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, उपाध्यक्ष विकास बोहरा व पार्षद राजा पवार की तिकड़ी के प्रति अपना पूरा समर्थन जताते हुए कहा कि नगर पंचायत नगरी की बागडोर सही हाथों में है। नगर के समस्त जनप्रतिनिधियों ने 10 साल पुरानी सड़क को 3 महीने में ही बनाकर वार्डवासियों का समर्पित कर दिया। यह इन जनप्रतिनिधियों की इच्छा शक्ति को दर्शाता है और इस बॉडी की यह खासियत है कि किसी भी वार्ड का काम हो, सभी जनप्रतिनिधि समस्त पार्षद एकसाथ खड़े नजर आते हैं।

---

**न्यायालयः- श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

दिनांक : 13.06.2025
प्रोसेस क्रं. :- 531/2025
उ.प्र.क्रं. :- 04/2025
पेशी तारीख :- 11.07.2025

पीयूष कुमार धनेन्द्र ...आवेदक
बनाम
शाखा प्रबंधक ईक्वीटास स्मॉल फायनेंस बैंक वगैरह ...अनावेदकगण
अनावेदक क्र. 03- आम जनता, तह. व जिला धमतरी (छ.ग.)

आवेदक पीयूष कुमार धनेन्द्र के द्वारा उनके पिता स्व. रामकुमार की ईक्वीटास स्मॉल फायनेंस बैंक, शाखा धमतरी में एक एफ.डी. व बैंक ऑफ इंडिया शाखा धमतरी में एक खाता क्रमांक 936012110000425 में जमा राशि हेतु प्रस्तुत उत्तराधिकार वाद दिनांक 04.04.2025 को उत्तराधिकार प्रकरण क्र. 04/2025 के अंतर्गत पंजीबद्ध किया गया है, जिसकी इस न्यायालय में पेशी दिनांक 11.07.2025 को प्रातः 11:00 बजे अनावेदकगण की उपस्थिति हेतु उपसंजात होने के लिए आम सूचना जारी किया जाता है।

इस न्यायालय में स्वयं, अधिवक्ता अथवा प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसके सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस आवेदन से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सकें। सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बतायी गयी तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात (हाजिर) नहीं होंगे तो वाद प्रकरण की सुनवाई और निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

यदि किसी कारणवश उक्त पेशी दिनांक 11.07.2025 को अवकाश घोषित किया जाता है तो आगामी कार्य दिवस में प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।

आज दिनांक 13.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पद मुद्रा से जारी किया गया।

**(श्रीमती नमिता मिंज भास्कर)**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी**
**जिला धमतरी (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

रा.मा.क्र. 202506130010001 अ/21(1)
वर्ष 2024-25
ग्राम-खपरी, प.ह.नं.-23,

सर्वसाधारण आम जनता खपरी, प.ह.नं.-23, तहसील व जिला धमतरी का सूचित किय जाता है कि आवेदक रामरोशन पिता दरियाव जाति गोड़ (आदिवासी), निवासी ग्राम खपरी तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.) काश्तकार ग्राम खपरी, प.ह.नं.-23, रा.नि.मं. आमदी, तहसील व जिला-धमतरी स्थित भूमि खसरा नंबर 756/1, 757/1, 774/3, 772/1 रकबा क्रमशः 0.1805, 0.010, 0.0868, 0.0233 हे. भूमि की अनावेदक लाकेश कुमार पिता सेवाराम सिन्हा (गैर-आदिवासी) निवासी ग्राम अर्जुनी तह. व जिला धमतरी के पास विक्रय किये जाने हेतु विक्रय अनुज्ञा की मांग की संबंध में कार्यालय कलेक्टर महोदय धमतरी से प्रतिवेदन हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन रखा गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार दावा/आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 30/06/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**धमतरी (छ.ग.)**

---

## अंचल की खबरें

### शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुए बीजेपी मंडल अध्यक्ष





**पुरूर(धमतरी)।** 16 जून को पूरे प्रदेश भर में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इसी क्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष टुकेश्वर पाण्डेय ने सृजन स्कूल कंवर एवं प्राथामिक शाला नरसिंह नाथपारा कंवर व शासकीय प्राथमिक शाला कंवर के शाला प्रवेश उत्सव में शामिल हुआ। श्री पाण्डेय ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार बहुत जरूरी है। इस अवसर पर सरपंच कंवर बालचंद टंडन, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष घनाराम जेठमल, ईश्वर साहू जीसी, एल मोरार, वरिष्ठ नागरिक नेमसिंह पटेल, धन्नूलाल टंडन, रिघु मंडावी, केशव पटेल, महेतरू पटेल, नरेश साहू समेत पंचगण, शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित थे।

### बच्चों के बेहतर चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी हमारी



**धमतरी।** ग्राम अछोटा के प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की अतिथि जिला पंचायत सभापति श्रीमती मोनिका देवांगन ने कहा कि बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं। उनके उज्वल भविष्य एवं बेहतर चरित्र निर्माण की जिम्मेदारी शिक्षकों, पालकों की है। हमें अपनी जिम्मेदारी का बेहतर ढंग से निर्वहन करना होगा, तभी देश का भविष्य सुरक्षित होगा। मौके पर पूर्व जनपद उपाध्यक्ष ऋषभ देवांगन, सरपंच संतोषी बाई ढीमर, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक गौतम साहू, माध्यमिक शाला की कार्यवाहक प्रधान पाठिका ध्रुव मैडम, शाला विकास समिति के अध्यक्ष विजय देवांगन, पूर्णिमा यादव समेत शिक्षक- शिक्षिकाएं, सहायिकाएं, पालकगण उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरित



**धमतरी।** शासकीय हाईस्कूल लोहरसी में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत करते हुए पुस्तक का वितरण किया। माहेश्वरी गजेंद्र सरपंच ने अतिथियों एवं बच्चों का स्वागत किया। चंद्रहास साहू उपसरपंच ने भी नवप्रवेशी बच्चों को शुभकामनाएं दी। सविता नेताम ने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव मनाने का मूल उद्देश्य बच्चों में शिक्षा के प्रति लगाव एवं जागरुकता को बढ़ावा देना है। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मनीष साहू ने कहा कि स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बच्चों को शाला लगने का समय का विशेष ध्यान रखते हुए अनुशासन में रहने को कहा। जितेश्वर निर्मलकर ने बच्चों को शिक्षा का महत्व बताया। प्राचार्य क्रांति भारद्वाज ने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। इस अवसर कौशल साहू, विजयलक्ष्मी गंजीर, हरिनाथ सिंह, ओंकार सोनवानी, भीम सोनकर, गैंदलाल साहू, दूजराम, दीपक सोनकर, शिक्षकगण विक्रम सिन्हा, रागिनी, गायत्री साहू, ममता साहू, रेवती साहू उपस्थित थे।

### डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल में चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था

**धमतरी।** जब से प्रदेश में विष्णुदेव साय सरकार सत्ता में आई है। प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के साथ ही विकास ठप पड़ा है। स्वास्थ्य जैसे सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में बुरा हाल है। यह भाजपा सरकार के लिए शर्मनाक है। लेकिन विडंबना है कि स्वास्थ्य क्षेत्र में बिगड़ती व्यवस्था में सुधार करने में सरकार पूरी तरह नाकाम साबित हो रही है। उक्त बातें शहर ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष आकाश गोलछा ने कही। श्री गोलछा ने कहा कि जिला अस्पताल में न सिर्फ धमतरी जिले के मरीज बल्कि बालोद, दुर्ग, कांकेर व बस्तर तक के मरीज भी बेहतर उपचार की उम्मीद में पहुंचते हैं। लेकिन यहां लगातार डाक्टरों की कमी बनी हुई है जिससे जिला अस्पताल पहुंचने वाले मरीज निराश हो रहे हैं। डॉक्टरों की कमी से जिला अस्पताल में उपचार व्यवस्था चरमरा गई है। लोगों का भरोसा शासकीय स्वास्थ्य सुविधाओं से उठ रहा है। पिछले कुछ महीनों में जिला अस्पताल से 10 डाक्टरों ने नौकरी छोड़ी है। भूपेश सरकार में जिला अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं काफी बेहतर थी।

### तिलक लगाकर किया छात्रों का स्वागत



**पुरी(धमतरी)।** स्व. भूपालमणि यादव शाउमा विद्यालय छाती में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। तिलक लगाकर छात्रों का स्वागत किया गया। मौके पर शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजेश चंद्राकर, शाला प्रबंधन निकेश कुंभकार, सरपंच दानेश्वरी तेजेंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि पवन बघेल, सांसद प्रतिनिधि केशव कैसाल, अरुण बघेल, राजेंद्र चंद्राकर, संतोष बल्ला चंद्राकर, सुरेश चंद्राकर, शिक्षकगण शैलेन्द्र तरार, अनिल कुमार नागवंशी, एसके खरे, श्रीमती विनीता सिन्हा, फलदेवी साहू, गार्गी साहू, रश्मि, ममता ठाकुर, दयालाल साहू, विनय प्रकाश साहू, त्रिलोचन कंवर, गीतांजलि बया, स्मिता मिश्रा, ओमेश्वरी भारदिया, डिगेश्वरी साहू, रमेश कुमार साहू मौजूद रहे। मंच संचालन श्रीमती अंबालिका साहू ने किया।

## खबर संक्षेप

### हरदीभाठा में शिविर आज

**नगरी।** ग्राम पंचायत हरदीभाठा में आज प्रधानमंत्री आवास, आधारकार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड, केसीसी, किसान सम्मान निधि योजना, जनधन खाता, एफआरए पट्टा, सिकलसेल रोग, पेंशन, पीएम उज्ज्वला योजना, फसल ऋण, सुकन्या समृध्दि योजना, मातृ वंदन, कुपोषण, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका, पीएम विश्वकर्मा योजना, श्रमकार्ड, नल जल योजना आदि कार्य के लिए शिविर रखा गया है।

### परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करें

- निगम आयुक्त ने ली नगरीय निकायों के सीएमओ की बैठक

**धमतरी।** नगर निगम आयुक्त प्रिया गोयल ने सभी नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों (सीएमओ) के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति, बजट उपयोग, सफाई व्यवस्था और निर्माण कार्यों पर विशेष चर्चा की गई। आयुक्त गोयल ने निर्देशित किया कि सभी निर्माण कार्यों को तय समय सीमा में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों में विकास कार्यों की गति धीमी होने से जनता में असंतोष की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, इसलिए परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत मिशन, और शहरी आजीविका मिशन के क्रियान्वयन की समीक्षा भी की गई। आयुक्त ने कहा कि अधूरे कार्यों की सूची बनाकर प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण कराएं। सफाई व्यवस्था पर भी विशेष जोर देते हुए नियमित निरीक्षण किया जाए तथा कचरा प्रबंधन की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। सीएमओ को निर्देशित किया कि वे फील्ड में अधिक समय बिताएं और आम जनता से सीधा संवाद करें, जिससे योजनाओं का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सके।

---

### रात्रि में एसडीएम ने भरारी, लीलर रेत खदान में की कार्रवाई

# रेत उत्खनन में लगे तीन पोकलेन एक जेसीबी व तीन हाइवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



भरारी और लीलर रेत खदान में अवैध खनन पर कार्रवाई की गई। एसडीएम पीयूष तिवारी के नेतृत्व में खनिज विभाग ने मौके पर दबिश दी और अवैध रूप से रेत खनन में लगे 3 क्रॉलर माउंटेड, 1 टायर - माउंटेड एक्सकेवेटर और 3 हाइवा को जप्त किया। भरारी और लीलर में लगभग 200-200 ट्रेक्टर अवैध रेत भण्डारण पर भी कार्रवाई की गई। विदित हो कि क्षेत्र में रेत के अवैध उत्खनन, भंडारण होने की शिकायत ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और विभाग से की थी। जिला प्रशासन के निर्देश पर एसडीएम पीयूष तिवारी ने रात में टीम के साथ दबिश देकर दी एवं अवैध रूप से रेत खनन में लगे 3 क्रॉलर माउंटेड, 1 टायर - माउंटेड एक्सकेवेटर और 3 हाइवा को जप्त किया।

ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ में नदी-नालों में रेत खदानों से रेत के उत्खनन और परिवहन पर अब प्रतिबंध लग गया है। रेत खदानें अब 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो पाएंगी। अगले चार महीने तक रेत कारोबारियों की मनमानी चलेगी और आम उपभोक्ताओं को मकान या अन्य निर्माण कार्यों के लिए महंगे दाम पर रेत मिलेगी। मानूसन को देखते हुए कुछ अनुज्ञप्तिधारियों ने लायसेंस लेकर कई स्थानों पर रेत का भंडारण कर लिया है वहीं कई स्थानों पर रेत के अवैध भंडारण की शिकायतें भी मिल रही हैं।

खनिज विभाग के अनुसार वर्षाकाल में नदी-नालों में रेत उत्खनन 10 जून से 15 अक्टूबर तक पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। केंद्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी आदेश में वर्षाकाल में नदियों में खनन संक्रियाओं को प्रतिबंधित किया गया है। इसके मद्देनजर प्रदेश में भौमिकी व खनिकर्म संचालनालय द्वारा सभी कलेक्टरों व खनिज अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। पर्यावरण स्वीकृत रेत खदानों में भी रेत उत्खनन व परिवहन का कार्य 15 अक्टूबर के बाद ही चालू हो सकेगा। कुछ रेत खदानें पर्यावरण स्वीकृति नहीं मिलने के कारण पहले से ही बंद हैं। इसके बाजवूद नदी-नालों से रेत के अवैध खनन व परिवहन की शिकायतें लगातार मिल रही हैं।

गौरतलब हो कि रेत माफियाओं ने अपने फायदे के लिए महानदी की रेत को खोदकर तालाब बना दिया है। महानदी के किनारे मिट्टी को भी खोद डाला है। बारिश में चार महीने का प्रतिबंध का असर जिला में कभी दिखाई ही नहीं दिया। रेत की अनवरत खुदाई पूरे वर्ष भर चलती है। दिन के साथ-साथ रात के अंधेरे में भी खुदाई जारी रहती है।

#### 400 ट्रिप रेत के अवैध भंडारण पर कार्रवाई

एसडीएम पीयूष तिवारी ने छापेमारी के दौरान 200 ट्रिप रेत लीलर में एवं 200 ट्रिप रेत भरारी में जब्त की है। इस दौरान गांवों में तनातनी का माहौल रहा। रेत माफिया ऊपर तक पहुंच होने की धौंस जमाते रहे, लेकिन एसडीएम ने पूरी ताकत के साथ ठोस कार्रवाई की।

---

## फर्जी स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश बनाकर साढ़े छह लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

- एक अन्य आरोपी फरार, पुलिस तलाश में जुटी




फर्जी स्थानांतरण एवं नियुक्ति आदेश बनाकर लाखों की ठगी करने वाले आरोपी को सिहावा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने फर्जी आदेश बनाकर पीड़ित से बड़ी रकम की ठगी की थी। ग्राम देवपुर निवासी प्रार्थी शैलेन्द्र चंचल चाणक्य ने थाना सिहावा में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि पूर्व से परिचित आरोपियों ने उन्हें झांसा दिया कि वे उनका स्थानांतरण तथा उनके पुत्र को शासकीय नौकरी लगवा सकते हैं। इसी बहाने उनसे कुल 6,45,000 की राशि ठगी गई। आरोपियों ने मंत्रालय के फर्जी आदेश की छायाप्रति एवं नियुक्ति पत्र प्रदान किया, जो जांच में पूर्णतः फर्जी व कूटरचित पाया गया। जब प्रार्थी ने रकम की वापसी की मांग की तो आरोपियों ने 5,50,000 रुपए वापस करने का झूठा आश्वासन देते हुए राजीनामे के नाम पर अलग-अलग इकरारनामे तैयार करवाए। परंतु ना तो राशि लौटाई गई और न ही किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत किया गया।

आरोपी की तलाश के दौरान सिहावा पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी दुर्ग के पद्मनाभनपुर क्षेत्र में किराए के मकान में रह रहा है। इस पर सहायक उपनिरीक्षक दुलाल नाथ के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी तिलक यादव पिता अश्वनी यादव उम्र 38 वर्ष, निवासी ग्राम तवेरा, थाना रनचिरई, जिला बालोद (छग) हाल निवासी वार्ड क्रमांक 49, पद्मनाभपुर जिला दुर्ग को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को किसी प्रकार का वैध दस्तावेज नहीं प्रस्तुत किया। उसे गिरफ्तार कर थाना सिहावा में धारा 420, 467, 468, 471, 34 भादवि के तहत पंजीबद्ध प्रकरण में रिमांड पर जेल भेजा गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन में एवं अतिरिक्त अधीक्षक नगरी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी निरीक्षक लेखराम ठाकुर, सहा उपनिरीक्षक दुलाल नाथ ने की। इस मामले में एक अन्य आरोपी फरार है।

---

## कैबिनेट मंत्री से मिनी स्टेडियम की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री खूबलाल ध्रुव ने जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से मुलाकात कर ग्राम पंचायत बरारी में मिनी स्टेडियम निर्माण की मांग की। उन्होंने बताया कि इससे क्षेत्र के युवाओं को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा और उनकी प्रतिभा को निखारने में मदद मिलेगी। मंत्री ने आश्वासन दिया कि ग्राम पंचायत बरारी में मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। इस बजट में ही इस काम को पूरा कर दिया जाएगा। श्री ध्रुव ने मंत्री को अपने बागान का ताजा आम भेंट किया।

---

### गुन कवाड़ लेंगी 9 अगस्त को राजस्थान में दीक्षा

## धमतरी की एक और बेटी चल पड़ी संयम की राह पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धमतरी की एक और बेटी गुन कवाड़ संयम की राह पर चल पड़ी हैं। उनका अनुज्ञा स्वीकृत हुआ है। वे 9 अगस्त को राजस्थान में दीक्षा लेंगी। दीक्षा लेने के पहले ही उनका व्यवहार, खान-पान बहुत कुछ बदल चुका है। यूपीएससी का सपना लिए गुन ने पढ़ाई को बीच में छोड़कर इस राह को चुन लिया है।

पढ़ाई को बीच में छोड़कर जीवन के ज्ञान को पाने और संयम की राह पर चलने के लिए अग्रसर होने वाली कु. गुन कवाड़ ने बताया कि 2022 में धर्म के प्रति लगाव बढ़ा। 2024 में निर्णय लिया। 21 वर्ष की गुन कवाड़ ने बताया कि मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल से 12 वीं की परीक्षा पास कर यूपीएससी का सपना लेकर आर्ट विषय को चुनते हुए पीजी कालेज से बीए करना प्रारंभ किया। 2022 में पुरानी कृषि उपज मंडी में दीक्षा समारोह रखा गया था। जिसमें धमतरी की बेटी सिद्धि भी शामिल थी। इस शिविर में उनकी दादी शकुंतला उसे साथ में ले गई। यहां उसके मन में धर्म के प्रति लगाव बढ़ा। पिछले वर्ष चातुर्मास के दौरान गुन संतों के दिव्य दर्शन के लिए पहुंची। जहां उनका मन और परिवर्तन हो गया।

#### शांति की खोज में जुटी

गुन ने बताया कि दीक्षा समारोह से आने के बाद उसके जीवन में परिवर्तन आने लगा। शांति की खोज में वह जुट गई। माया, मोह, धन सब मिथ्या लगने लगा। उन्होंने कहा कि बच्चों को धर्म से जोड़कर जरूर रखना चाहिए। संयम की राह को चुनने की सोची। इस बीच उन्होंने 3, 8 और 16 दिन का उपवास भी किया। वह संतों के साथ धमतरी से नगरी, चाराम विहार कर चुकी हैं।

#### चाचा, मामा की मौत ने झकझोर दिया

गुन के चाचा मोहित कवाड़ 35 वर्ष निवासी काटाभाजी ओडिशा का अचानक 26 मार्च को निधन हो गया। एक माह भी नहीं बीता था कि 22 अप्रैल को उसके मामा रोशन कोटड़िया 45 वर्ष कोंडागांव की मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद गुन को लगा कि जीवन का कोई भरोसा नहीं है। इसलिए वह जल्द से जल्द इस राह पर जाना चाहती थी।

#### बहुत कुछ त्याग दिया

गुन ने बताया कि उसके जीवन में धीरे-धीरे बहुत सारे परिवर्तन आने लगे हैं। वह रात्रि भोजन, जमीकंद, चप्पल त्याग चुकी हैं। सोफा या बिस्तर में नहीं बैठती हैं। सिर्फ प्लास्टिक कुर्सी में ही बैठती हैं। खुले मुंह कभी नहीं रहती है। जमीन पर ही सोती है।

#### 2 जून को अनुज्ञा पत्र पेश, 16 जून को स्वीकृत

गुन कवाड़ ने बताया कि वह धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने बीकानेर गई थी। इसी दौरान 1008 आचार्य रामलाल जी मसा के श्री चरणों में अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत किया। तब उस समय परिवार का कोई भी सदस्य वहां नहीं था। 16 जून की सुबह सूचना मिली कि उनका अनुज्ञा पत्र स्वीकृत हो गया है। 9 अगस्त 2025 को देशनव राजस्थान में वे दीक्षा लेंगी।

#### परिवार हो गया भावुक

गुन के पिता ऋषि कवाड़, मां रिंकू कवाड़ इस सूचना से खुश तो हैं लेकिन भावुक भी हो गए हैं। बड़ी बेटी का विवाह करने के बाद कुछ दिनों पहले ही उसे विदा किया है। छोटी बेटी का भी सपना था लेकिन उन्होंने संयम की राह को चुना है। 9 अगस्त को उन्हें विदाई देनी है। गुरू को सौंप दिया जाएगा। दोनों ने बताया कि बेटी के फैसले से हम खुश है।

---

### जनजातीय जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन का भागीदार बनने व सुझाव देने भी कहा

## केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने जनमन योजना से गांवों में हुए कार्यों की जानकारी ली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



नई दिल्ली से आए केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी हृदयेश कुमार ने केरेगांव में स्थानीय जनजातीय जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की। उन्होंने जनप्रतिनिधियों से प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत गांव-गांव में हुए कामों की जानकारी ली। श्री कुमार ने धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान के लिए जनजातीय जनप्रतिनिधियों को शासन-प्रशासन का भागीदार बनने और अपने गांव के विकास के लिए स्थानीय स्तर पर सुझाव देने को भी कहा। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी ने आश्वस्त किया कि उनके सुझावों को क्षेत्र के विकास के लिए बनाई जाने वाली कार्ययोजनाओं में यथासंभव शामिल किया जाएगा। उन्होंने इस दौरान नगरी, मगरलोड क्षेत्र के जनजातीय बाहुल्य गांवों की समस्याओं और मांगों को भी सुना। इस दौरान कलेक्टर अबिनाश मिश्रा और जिला पंचायत की सीईओ भी मौजूद रही।

चर्चा के दौरान अनुसूचित जनजाति आदिवासी गोंड समाज के जिला अध्यक्ष जीवराखन मरई ने बताया कि धरती आबा अभियान के लिए गांव-गांव में 5-5 युवाओं का मितान समूह समाज द्वारा बनाया जा रहा है। इन समूहों में दो महिलाएं और तीन पुरूष सदस्य हैं। गांव-गांव में आधारभूत सर्वे किया जा रहा है और गांव की छोटी से छोटी जानकारी को सूचीबद्ध किया जा रहा है। इन सभी जानकारियों का उपयोग विकास योजनाएं बनाने में किया जाएगा। श्री मरई ने यह भी बताया कि क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वनोपज का संग्रहण होता है और पशुपालन से जनजातीय परिवारों की आमदनी बढ़ाने की अच्छी संभावनाएं हैं। केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी श्री कुमार ने जनजातीय जनप्रतिनिधियों को इसके लिए प्रशासन के साथ मिलकर विशेष कार्ययोजना बनाने और प्रस्ताव तैयार कर भेजने को कहा।


जनपद अध्यक्ष नगरी महेश गोटा, उपाध्यक्ष हृदय साहू और सदस्य श्रीमती ईश्वरी नेताम ने क्षेत्र के सभी गांवों को धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान में जोड़ने की मांग की, जिस पर भी कुमार ने बताया कि अधिकांश जनजातीय बाहुल्य गांवों को इस अभियान से जोड़ा जा चुका है। गांवों में आधारभूत सर्वे का काम तेजी से किया जा रहा है। छुट गए गांवों को भी शामिल किया जाएगा। इस अवसर पर केरेगांव सरपंच अकबर मण्डावी, डोकाल सरपंच श्रीमती प्रियंका उईके, सियारीनाला सरपंच श्रीमती सुगोन नेताम, बगरूमनाला सरपंच श्रीमती राजेश्वरी कावड़े, कुम्हड़ा सरपंच गोकुल नेताम, चनागांव सरपंच श्रीमती लोकेश्वरी सोरी, भोथापारा सरपंच संतोष कुंजाम सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के उपसरपंच, पंच भी मौजूद रहे।

---

## स्कूल बसों में ओव्हरलोडिंग और मालवाहकों में यात्रियों के परिवहन पर होगी कार्रवाई

- राजस्व प्रकरणों में प्रतिवेदन लंबित रखने वाले आरआई-पटवारियों पर भी सख्ती
- कलेक्टर ने समय-सीमा की साप्ताहिक बैठक में दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में चल रही स्कूल बसों में बच्चों को क्षमता से अधिक बैठाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही मालवाहकों में लोगों को भरकर लाने-ले जाने पर भी प्रशासन ने सख्त कार्रवाई का मन बना लिया है। ऐसे सभी मामलों में परिवहन अधिकारी, एसडीएम और पुलिस विभाग को कड़ी कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने दिए हैं। समय सीमा की साप्ताहिक बैठक में पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार की मौजूदगी में कलेक्टर ने यह निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने जांच करने वाली टीमों से स्कूल बसों के ड्राइवरों द्वारा किसी भी प्रकार का नशा आदि कर वाहन नहीं चलाना सुनिश्चित करने को भी कहा। उन्होंने स्कूल बसों में सुरक्षा के सभी मापदण्डों का पालन करने और स्कूल बसों में कम से कम एक महिला अटेंडेंट भी रखने के निर्देश दिए। साप्ताहिक बैठक में आज सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा हुई। बैठक में जिपं सीईओ रोमा श्रीवास्तव सहित अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी इंदिरा देवहारी और सभी एसडीएम भी शामिल हुए।

बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने तीन नये कानूनों को लागू करने के लिए जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, बैकों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायत में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग की सुविधा को एक्टिव रखने के निर्देश दिए। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेसिंग सुविधा के लिए कार्यालय में किसी योग्य कम्प्यूटर ऑपरेटर या तकनीशियन को समन्वयक नियुक्त करने को भी कहा, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की प्रक्रिया का निर्बाध रूप से संचालन किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने जिला अभियोजन अधिकारियों को भी प्रकरणों को दो पेशियों में ही निराकृत करने को कहा।

कलेक्टर ने धमतरी से गुजरने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों, राजकीय राजमार्गों और प्रमुख सड़कों का सर्वे कर सर्वाधिक सड़क दुर्घटना वाले स्थानों की पहचान करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। इस दौरान सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की छंटाई, बिजली खभे से संभावित दुर्घटना, बिजली के तार हटाने जैसे कामों को भी सूचीबद्ध करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने धमतरी रेलवे स्टेशन के परिसर में अतिक्रमण हटाने और लोगों को सुरक्षित जगहों पर विस्थापित करने की कार्रवाई की भी समीक्षा की।

बैठक में कलेक्टर ने लंबित राजस्व प्रकरणों की भी समीक्षा की। उन्होंने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन जैसे प्रकरणों में संबंधित पटवारी या राजस्व निरीक्षक द्वारा समय सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने के कारण राजस्व प्रकरणों के लंबित रहने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने ऐसे सभी प्रकरणों पर जल्द से जल्द प्रतिवेदन बनाने के निर्देश तहसीलदार और अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने प्रतिवेदन देने में बेवजह देरी करने वाले आरआई-पटवारियों के विरूद्ध कार्रवाई करने के भी निर्देश राजस्व अधिकारियों को दिए।

---

## किसान सिर्फ फसल नहीं, देश की उम्मीद बोता है : रोहरा



- कसावाही में आयोजित बीज बोनी तिहार में शामिल हुए महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

एकादशी के अवसर पर ग्राम पंचायत कसावाही में आयोजित बीज बोनी तिहार में महापौर रामू रोहरा ने किसानों के साथ मिलकर धरती माता की पूजा की और बीज बुआई की रस्म में भाग लिया। महापौर श्री रोहरा ने कहा कि किसान सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। बीज बोनी तिहार, परंपरा और प्रकृति के प्रति हमारी श्रद्धा का प्रतीक है। जब एक किसान बीज बोता है, वह सिर्फ फसल नहीं, देश की उम्मीद बोता है।

उन्होंने आगे कहा कि भारत कृषि प्रधान देश है और केंद्र की मोदी सरकार एवं छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है। धान की 3100 रूपए प्रति क्विंटल खरीदी, तकनीकी सहायता और किसान सम्मान निधि जैसे निर्णय किसानों को आत्मनिर्भर बना रहे हैं। श्री रोहरा ने किसानों को आश्वस्त किया कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसान के हर सुख-दुख में साथ खड़ी है और उनका परिश्रम कभी व्यर्थ नहीं जाएगा।

---

### महिला समूहों को बांस कला से जोड़कर रोजगार के अवसर बढ़ाने पर दिया जोर

## केंद्रीय प्रभारी अधिकारी ने बांस से बनी चीजों को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



धरती आबा अभियान के संतृप्तिकरण शिविर में केरेगांव पहुंचे केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी हृदयेश कुमार ने महिला स्वसहायता समूहों की सदस्यों द्वारा बनाई गई बांस की दैनिक उपयोगी और सजावटी वस्तुओं की सराहना की। बांस से बनी चीजों को आजीविका के रूप में अपनाकर तथा स्व सहायता समूहों को रोजगार से जोड़ने की इस पहल को श्री कुमार ने अन्य महिलाओं तक विस्तारित करने पर जोर दिया। उन्होंने जय मां तुलसी और कमार लक्ष्मी स्व सहायता समूह की सक्रिय सदस्य कुकरेल गांव की उमा सिन्हा से उनके व्यवसाय के बारे में जाना। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि उनके समूह की महिलाएं मिलकर बांस से पारंपरिक और सजावटी वस्तुएं जैसे सूपा, झाड़ू, टुकनी, गुलदस्ता, शो पीस आदि बांस से तैयार करती हैं। इसके लिए उन्हें आजीविका मिशन द्वारा प्रशिक्षण भी दिया गया है। श्रीमती सिन्हा ने बताया कि इन सामग्रियों की मांग अब केवल गांव तक सीमित नहीं है, बल्कि ये वस्तुएं अब बड़े बाजारों तक पहुंचने लगी हैं, जहां से अच्छा लाभ भी मिल रहा है। उन्होंने बताया कि इस काम से उन्हें हर महीने 4 से 5 हजार रुपये की शुद्ध आय हो जाती है।

इस मौके पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी को बताया कि नगरी क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय समुदाय विशेषकर कमार समुदाय में बांस कला का प्रचलन पहले से ही है। जिला प्रशासन द्वारा इसे बढ़ावा देने के लिए 10 कमार शिल्पकारों को महाराष्ट्र के चन्द्रपुर के बांस शिल्प प्रशिक्षण केन्द्र भेजने की भी योजना है। कलेक्टर ने यह भी बताया कि बांस शिल्प को रोजगार के रूप में अपनाने के लिए जनजातीय समुदाय को विस्तृत कार्ययोजना बनाने से लेकर बैंक लोन दिलाने, शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाने और बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी जिला प्रशासन प्रयास कर रहा है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
11 यात्री बुकिंग पर एक यात्री फ्री
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 जुलाई, 16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दंतरोग का इलाज